आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- 14वीं विधानसभा के लिए उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों ने शिमला में ली शपथ— सदन में कांग्रेस पार्टी के विधायकों की संख्या बढ़कर हुई 38।
- मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत 14 निराश्रित बच्चों को प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में मिला दाखिला— राज्य सरकार वहन करेगी पढ़ाई का पूरा खर्च।
- प्रदेश में 3 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा ने शिमला में बनाई रणनीति।
- प्रदेश के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी— कुछ स्थानों पर तापमान 43 डिग्री पार।

..............

शपथ

प्रदेश में उप—चुनाव के माध्यम से 14वीं विधानसभा के लिए 6 व निर्वाचित सदस्यों को आज विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला स्थित विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में धर्मशाला से सुधीर शर्मा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, लाहौल स्पिति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा और गगरेट से राकेश कालिया शामिल हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद अब सदन में कांग्रेस पार्टी के विधायकों की संख्या 34 से बढ़कर 38 हो गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उप—मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के बाद विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि विधानसभा की कार्यवाही में ये सभी विधायक अपना बहुमूल्य सहयोग देंगे। बाद में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा

कि उपचुनाव के बाद सदन में विधायकों की संख्या 38 होने के साथ प्रदेश में कांग्रेस सरकार और मज़बूत हुई है।

सुखाश्रय योजना

मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत 14 बच्चों को प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिला मिल गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि इनमें शिशु सुधार गृह के तीन निराश्रित बच्चियों को शिमला के कॉन्वेंट ताराहॉल स्कूल में दाखिला मिला है, जिनके लिए परिवहन सुविधा भी शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जाएगी। इसके अलावा शिशु सुधार गृह के पांच बच्चों को शिमला के दयानंद पब्लिक स्कूल, 4 निराश्रितों को सोलन के पाईनग्रोव स्कूल और दो बच्चों को मंडी जिला के डी.ए.वी. स्कूल सुंदरनगर में दखिला दिलाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनकी पढ़ाई का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को प्रदेश के अन्य प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में ऐसे ही और निराश्रित बच्चों को दाखिला दिलाने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए गए हैं।

स्पष्टीकरण

हिमाचल प्रदेश के दिल्ली सरकार के साथ 2019 के एक सौ 37 क्यूसिक पानी देने के करार मामले में हरियाणा और दिल्ली के बीच विवाद में हिमाचल ने अपने स्थिति स्पष्ट की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को किसी ने गलत सूचना दी है जिसकी जानकारी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और जल संकट में हिमाचल अपना पूरा सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि करार के मुताबिक एक सौ 37 क्यूसिक पानी छोड़ा जा रहा है और अगर अतिरिक्त पानी भी देना पड़ेगा तो हिमाचल उसके लिए भी तैयार है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत सफल हुई और जनता के आशीर्वाद से हिमाचल की सभी चारों लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डाली गई है। आज शिमला के चक्कर स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल पहुंचने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने अनुराग ठाकुर का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जगत प्रकाश नड्डा को केंद्र सरकार ने बड़े मंत्रालयों की

ज़िम्मेदारी दी है, जो हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व की बात है। अनुराग ठाकुर ने नड्डा को बड़ी ज़िम्मेदारी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए जगत प्रकाश नड्डा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हिमाचल के लिए कभी भी कोई कमी नहीं रखी है और आने वाले 5 वर्षों में भी केंद्र सरकार हिमाचल के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेगी। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर चुनाव के दौरान सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि आने वाले 3 उपचुनावों में भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी।

बैठक–कांग्रेस

प्रदेश में तीन निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले उप चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। दोनों ही दलों के नेता बैठकें कर उप चुनाव में उम्मीदवारों के चयन और जीत की रणनीति बनाने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज कांग्रेस विधायक दल की बैठक शिमला स्थित विधानसभा में संपन्न हुई जिसमें 3 प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें पहला प्रस्ताव सरकार से बगावत करने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायकों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने की सहमति ,दूसरा उप–चुनाव में 4 सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए पारित किया गया, जबकि तीसरा प्रस्ताव मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व मे भरोसा जताने के लिए परित किया गया।

भाजपा बैठक

उधर, भाजपा कोर ग्रुप की एक बैठक पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश सह–प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती व सुरेश कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, पूर्व मंत्री राजीव सैजल और विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जमवाल व राकेश जमवाल और महामंत्री सिकंदर कुमार, बिहारी लाल शर्मा और त्रिलोक कपूर मौजूद रहे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि बैठक में दो–तीन अति महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में 3 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव को लेकर और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बिंदल ने कहा कि उपचुनाव में टिकट आबंटन पर फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल हो गई है और पिछले 3 दिन में 5 जघन्य हत्याकांड हो चुके हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि बिलासपुर में बुजुर्ग दंपत्ति, कांगड़ा में एक बालिका, ऊना में एक व्यक्ति और अब चंबा के सलूणी में आई.बी. के ए.एस.आई. की हत्या का मामला सामने आया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की अराजकता के लिए कोई स्थान नहीं है और मुख्यमंत्री को कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीरता से काम करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लोगों का जीवन भगवान भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है।

प्रदर्शनी

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शिमला के इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर में राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी व पर्यावरण परिषद के पेटेंट सूचना केंद्र द्वारा आयोजित हिमाचल के पंजीकृत और संभावित जी.आई. उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। 16 जून तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में प्रदेश के लगभग 15 पंजीकृत व संभावित जी.आई उत्पाद शामिल हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि ये प्रदर्शनी स्थानीय लोगों व पर्यटकों को जी.आई उत्पादों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और पारंपरिक उत्पादों को खरीदने का अवसर प्रदान करेगी।

मौसम

प्रदेश के मैदानी इलाकों समेत कई जिलों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और अधिकतम तापमान 42 डिग्री के आस–पास रिकार्ड किया जा रहा है। आज ऊना व सिरमौर ज़िले के धौलाकुआं में अधिकतम तापमान 43 डिग्री जबकि बिलासपुर में 42 दशमलव 6 और कांगड़ा व हमीरपुर ज़िलों में तापमान 41 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 30 दशमलव 5 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कल प्रदेश के हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर में हीट वेव का येलो अलर्ट जारी किया है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक सुरेन्द्र पॉल ने इस दौरान लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 17 जून से प्री–मॉनसून की संभावना है जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकेगी।

अगनीकांड

प्रदेश में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। इन घटनाओं में जहां वन व सरकारी संपदा का भारी नुकसान हो रहा है वहीं कई स्थानों पर रिहायशी मकान भी आग की चपेट में आ रहे हैं। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की करयाली पंचायत के घैणीं गांव में आज आग लगने से दो कच्चे मकान जल कर राख हो गए हैं। इस घटना में आग बुझाते हुए 40 वर्षीय महिला नीलम झुलस गई जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस अग्निकांड में स्थानीय लोगों के बागीचे और घासनियां भी पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने सरकार व प्रशासन से आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने और प्रभावितों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

.................................................................................................................